Seventeenth Loksabha

an>

Regarding alleged insult of Chhatrapati Shivaji Maharaj

श्री विनायक भाऊराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग) : माननीय सभापति महोदय, धन्यवाद।

महोदय, दुख इस बात का है कि हिन्दवी स्वराज संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज का जिस तरीके से अवमान किया जा रहा है, उस विषय के ऊपर इतने विलंब से मुझे बात रखने का मौका दिया। मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं।

माननीय सभापति : विलंब के लिए या किसी और चीज के लिए आभार व्यक्त करते हैं?

… (व्यवधान)

श्री विनायक भाऊराव राऊत: माननीय सभापति महोदय, मैंने आपको धन्यवाद तो दिया है, लेकिन छत्रपति शिवाजी महाराज सिर्फ महाराष्ट्र के ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए आदर्श हैं, पूरे देश के सम्मान हैं। … (व्यवधान) लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि संविधान के माध्यम से जिन पदों का निर्माण हुआ, उन पदों के ऊपर जो सम्माननीय व्यक्ति बैठे हैं, उनके माध्यम से छत्रपति शिवाजी महाराज का अवमान बार-बार किया जा रहा है। … (व्यवधान)